हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 11 फरवरी 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 75 लाख के सामुदायिक भवन का विधायक ने...



07 रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने रंगोली...



## खबर संक्षेप

### नाबालिग को परिजनों से पुलिस ने मिलाया

**विदिशा।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना सिविल लाइन पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग बालिका को खोजकर परिजनों से मिलवाया। परिजनों की रिपोर्ट पर 7 फरवरी को मामला दर्ज किया गया था। बालिका को सुरक्षित परिजनों को सौंपा गया, जिस पर परिवार ने पुलिस का आभार जताया है।

### आरती मीना जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

**विदिशा।** एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे व प्रदेश सचिव जयंत अग्रवाल की अनुशंसा पर संगठन के जिलाध्यक्ष पार्थ रघुवंशी ने छात्रा नेता आरती मीना को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर रागिनी मीना, सोहानी शर्मा, हिना मीना, चेष्ठा, सानिया, संध्या, कीर्ति, रुद्रांश शर्मा, सोमिल अग्रवाल, कृष्णा सोनी, कोशिश साराठे, रिहान मंसूरी, कार्तिक मालवीय ने बधाई दी है।



### आज किसान पंजीयन सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण

**विदिशा।** समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी को लेकर पंजीयन सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण आज बुधवार को दोपहर 2 बजे होटल अर्श पैलेस, युवराज क्लब स्टेशन रोड शेरपुरा में होगा। कार्यक्रम में पंजीयन प्रक्रिया, तकनीकी संचालन, त्रुटि निराकरण और समयसीमा संबंधी दिशा-निर्देश दिए जाएंगे, ताकि उपार्जन कार्य पारदर्शी, सुचारु और समयबद्ध रूप से संपन्न हो सके। इससे किसानों को पंजीयन में सुविधा मिलेगी और व्यवस्थाएं बेहतर बनेंगी।

### आज एसपी रोहित काशवानी का सम्मान

**विदिशा।** एसपी रोहित केशवानी के नेतृत्व में पुलिस ने हाल ही में स्टेशन क्षेत्र से 3 वर्ष की नाबालिग बच्ची को 48 घंटे के भीतर सुरक्षित बरामद कर 4 अन्य बच्चों को मानव तस्करी से बचाया। इस कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन संगठन ने एसपी केशवानी को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि संगठन प्रमुख उमेश शर्मा के मार्गदर्शन में आज बुधवार दोपहर 3:30 बजे एसपी को सम्मानित किया जाएगा।

### माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की परीक्षा में पहले दिन अंग्रेजी का पेपर

# जिलेभर में 11 हजार 77 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा, नहीं मिला कोई नकलची

**अंग्रेजी के पहले पेपर में जिलेभर से 190 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की अंग्रेजी विषय की बोर्ड परीक्षा जिलेभर में शांतिपूर्ण तरीके से हुई। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रशासनिक एवं विभागीय व्यवस्थाएं सुचारु रहीं, जिससे परीक्षार्थियों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

जिला शिक्षा अधिकारी एसपी जाटव ने बताया कि अंग्रेजी विषय की परीक्षा के लिए कुल 11 हजार 267 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 11 हजार 77 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 190 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी गई। उड़नदस्ता दल एवं केंद्राध्यक्षों द्वारा सतत निरीक्षण किया गया, जिसके परिणामस्वरूप परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष एवं व्यवस्थित वातावरण में हुई।

अंग्रेजी विषय की परीक्षा में जिले में कहीं भी नकल का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी ने केंद्राध्यक्षों, शिक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों के सहयोग एवं समन्वित प्रयासों से ही परीक्षा व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हुई है।



विदिशा। छात्राओं के प्रवेश पत्र की जांच कर उन्हे परीक्षा केंद्र तक पहुंचाते हुए डयूटी पर तैनात शिक्षक।

#### चार केंद्रों का निरीक्षण करना अनिवार्य

छात्रों को सुबह 8ः बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा और 8:30 बजे तक कक्ष में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। उत्तर पुस्तिकाएं 8:50 बजे तथा प्रश्नपत्र 8:55 बजे वितरित किए जाएंगे। परीक्षा अवधि में केंद्र के 100 मीटर दायरे में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा संबंधी जानकारी के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। साथ ही जिला स्तर पर चार निरीक्षण दल गठित किए गए हैं, जिन्हें परीक्षा दिवस पर कम से कम चार केंद्रों का निरीक्षण करना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने परीक्षाओं को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने का भरोसा दिलाया है।

### जनवरी वेतन न मिलने से सीआरसी में आक्रोश

**विदिशा।** जिलेभर के लगभग 100 सीआरसी को जनवरी का वेतन अब तक नहीं मिला है। जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है। सीआरसी एसआईआर सहित विभागीय काम कर रहे हैं इसके बावजूद डीपीसी कार्यालय द्वारा वेतन रोक दिया गया है। जबकि शासन के निर्देशानुसार सभी लोकसेवकों का वेतन प्रत्येक माह की पहली तारीख तक होना चाहिए, लेकिन 10 फरवरी तक भुगतान नहीं हो सका है। कर्मचारियों ने शीघ्र वेतन भुगतान की मांग की है।

### जनसुनवाई में किया 65 आवेदनों का निराकरण

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा प्रत्येक मंगलवार आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। मंगलवार को हुई जनसुनवाई में 141 आवेदकों ने व्यक्तिगत व सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से 65 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष लंबित आवेदनों के समय-सीमा में निपटारे तथा पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर ने लंबित शिकायतों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किए, ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके।

# शंकर नगर चोरी मामले में तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार



विदिशा। पुलिस गिरफ्त में आया शंकर नगर में हुई चोरी का तीसरा आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शंकर नगर क्षेत्र में सूने मकान में हुई चोरी के मामले में फरार तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 72 हजार का चोरी का सामान बरामद किया है। जिसमें एक सोने की अंगूठी और नकदी शामिल है।

कोतवाली पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। सोमवार को पुलिस ने गल्ला मंडी रोड बरईपुरा क्षेत्र से आरोपी जफर खान 35 वर्ष को गिरफ्तार किया। इस मामले में पहले ही दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था। यह चोरी 7 अक्टूबर 2025 को शंकर नगर क्षेत्र में एक सूने मकान में हुई थी। अज्ञात चोरों ने घर से सोने-चांदी के जेवरात और 50 हजार नकद चुरा लिए थे। चोरी हुए सामान में सोने की चूड़ियां, मंगलसूत्र, अंगूठियां, झुमकी, टॉप्स, नथ, रानी हार, गले का हार और सोने की चेन शामिल थीं।

#### 72 हजार रुपए का सामान बरामद

पुलिस ने केस दर्ज किया था। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस ने एक सोने की अंगूठी, जिसकी कीमत लगभग 70 हजार है और 2 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। कुल बरामद माल की कीमत 72 हजार है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद राज सहित पुलिस टीम के सदस्य जितेन्द्र खटीक, विजय गुप्ता, संजय दांगी, धर्मेश बर्थे, अमित सक्सेना और नवरत्न सिंह राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मारपीट के 3 आरोपी को एक-एक साल की सजा

**हरिभूमि न्यूज.विदिशा।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिवानी चतुर्वेदी की अदालत ने मारपीट के प्रकरण में 3 आरोपी दशरथ सिंह (45), लक्ष्मण सिंह (48) और बृजेश अहिरवार निवासी ग्राम पीपलखेड़ा थाना करारिया, को दोषी पाते हुए प्रत्येक को एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। 19 अप्रैल 2020 की शाम फरियादी सुग्रीव अहिरवार घर पर गाना सुन रहा था, तभी आरोपियों ने विवाद कर डंडों से मारपीट की। जिससे उसे और बीच-बचाव करने आए परिजनों को चोटें आईं। घटना की सूचना पर थाना करारिया में एफआईआर दर्ज कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया। प्रकरण में पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी गार्गी झा ने की, जिनके तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने सजा सुनाई।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात सुरक्षा उपायों पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई। बैठक में एसपी रोहित काशवानी सहित समिति के सदस्य एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति, यातायात प्रबंधन, ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन, सड़क सुरक्षा संकेतकों की उपलब्धता तथा जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि दुर्घटना संभावित स्थलों पर आवश्यक सुधारात्मक कार्य प्राथमिकता से किए जाएँ। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी हैं। एसपी रोहित काशवानी ने यातायात नियमों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग तथा ओवरस्पीडिंग पर सख्त कार्रवाई की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर निगरानी रखी जा रही है। एसपी ने कहा कि जिले में मॉडिफाई सायलेंसरों के संबंध में विक्रेताओं के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। बैठक में परिवहन, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं नगरीय निकाय विभागों से संबंधित विषयों पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। कलेक्टर ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।



विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता।

# आईटीआई में साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सुरक्षित इंटरनेट डे के अवसर पर मंगलवार को एनआईसी द्वारा आईटीआई कॉलेज में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों तथा आमजन में सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रमुख वक्ता के रूप में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी देवेंद्र राजपूत ने इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपाय, मजबूत पासवर्ड रखने की आवश्यकता, सोशल मीडिया उपयोग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां तथा साइबर अपराध की रिपोर्टिंग प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में जागरूकता और सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि छोटी-सी लापरवाही भी साइबर फ्रॉड का कारण बन सकती है, इसलिए अज्ञात लिंक, संदिग्ध कॉल एवं फर्जी संदेशों से बचना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर हेल्पलाइन एवं शिकायत पोर्टल की जानकारी भी दी।

प्रतिभागियों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े विषयों पर प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाएं भी दूर कीं। अंत में सभी को सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार अपनाने का संदेश दिया गया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार की जागरूकता गतिविधियाँ वर्तमान समय की आवश्यकता हैं, जिससे डिजिटल माध्यमों का उपयोग सुरक्षित और सकारात्मक दिशा में किया जा सके।

### कल से शीतलधाम में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव

**विदिशा।** आचार्य विद्यासागर महाराज के परम साधक शिष्य एवं आचार्य समयसागर महाराज के आज्ञानुवर्ती निर्यापक श्रमण संभवसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में शीतलधाम में 12 से 15 फरवरी तक 4 दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव होगा। प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि बर्रो वाले बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी का मंदिर बनकर तैयार है, जहां गर्भगृह में भगवान आदिनाथ विराजमान होंगे तथा दोनों ओर खड्गासन में अन्य तीर्थंकर प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। प्रतिदिन सुबह 7 बजे से मांगलिक क्रियाएं प्रारंभ होंगी। धर्मसभा में मुनिश्री संभवसागर महाराज ने कहा कि जो विद्यार्थी निष्ठा से अध्ययन करता है, वह परीक्षा से नहीं डरता। जीवन के परिणाम अंतर्मन की भावना पर निर्भर करते हैं। मुनिराज सदैव सभी के कल्याण और पाप क्षय की भावना से आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

# बिना पानी के थमाए गए हजारों के बिल, टीलाखेड़ी के रहवासियों ने जनसुनवाई में कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

टीलाखेड़ी क्षेत्र के कई रहवासियों ने मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर पेयजल न मिलने के बाद भी बिल जारी करने की शिकायत की। रहवासियों ने बताया कि 6 साल पहले क्षेत्र में पेयजल पाइपलाइन बिछाई गई थी। उस समय लोगों ने कनेक्शन के लिए राशि जमा की और घरों में नल भी लगवाए, लेकिन अब तक नलों में पानी नहीं आया। इसके बावजूद 40 से 50 घरों को पेयजल के बिल थमा दिए गए हैं। प्रत्येक घर को लगभग 7 से 8 हजार रुपए तक के बिल दिए गए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने टीलाखेड़ी के रहवासियों के पेयजल बिलों को तत्काल प्रभाव से रुकवा दिया है।

नगरपालिका अधिकारी दुर्गेश ठाकुर ने बताया कि जब क्षेत्र में पानी की पाइपलाइन डाली गई थी तब बड़ी संख्या में कनेक्शन दिए गए थे। हालांकि क्षेत्र में पानी की नियमित आपूर्ति नहीं हो पा रही थी, जिसके बावजूद बिल जारी हो गए थे। फिलहाल बिलों को रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में एक नई टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे जल संकट खत्म होगा।

# स्कूल वैन ने बाइक सवारों को ठोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

थाना हैदरगढ़ अंतर्गत ग्राम दैयरपुर के कस्बा बागरोद में संचालित सुप्रीमो कान्वेंट स्कूल की वैन ने मंगलवार को बाइक सवार बहलोट निवासी कृष्णकांत कुशवाह, रवि कुशवाह की बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर घायल 108 एंबुलेंस से ग्यारसपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए लाया गया।जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों गंभीर घायलों को विदिशा जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों गंभीर घायल युवक अपने गांव बहलोट से बांगरोद चौराह की तरफ जा रहे थे। रास्ते में दैयरपुर के पास सुप्रीम कान्वेंट स्कूल की ओमनी वैन स्कूल के बच्चों को लेने के लिए दैयरपुर की और आ रही थी की दैयरपुर में ही जबरदस्त एक्सीडेंट्स हो गया। इस संबंध में थाना हैदरगढ़ प्रभारी रोहित कुमार कोरव ने बताया कि गाड़ी को थाने में खड़ा करा दिया गया है। गाड़ी मालिक के आने के बाद गाड़ी के दस्तावेजों की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# लटेरी के चार हासे स्कूल में 9.19 करोड़ रु से होंगे काम

**लटेरी।** विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासों से लटेरी विकासखंड के 4 हायर सेकेंडरी विद्यालयों में लगभग 9 करोड़ 19 लाख की लागत से कक्षाकक्षों एवं अन्य निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश तथा शिक्षा विभाग की मंजूरी से हायर सेकेंडरी कालादेव में 7 नए कक्ष, बाउंड्रीवाल, प्रवेश साइनेज गेट, भवन व टॉयलेट ब्लॉक का नवीनीकरण सहित कार्य 2.51 करोड़ रुपये से होंगे। मुरारिया में 4 कक्ष व अन्य निर्माण 2.74 करोड़, मुरवास में 6 कक्ष व संबद्ध कार्य 2.27 करोड़ तथा उनारसी कला में 4 कक्ष सहित निर्माण कार्य 1.65 करोड़ रुपए से किए जाएंगे। विद्यालयों में आवश्यक फर्नीचर की व्यवस्था भी की जाएगी। स्वीकृति मिलने पर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह एवं विधायक उमाकांत शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### सांदीपनी स्कूल के विद्यार्थियों ने आईटीआई शैक्षणिक भ्रमण किया

**विदिशा।** बराईपुरा स्थित सांदीपनी हाई स्कूल के 55 विद्यार्थियों को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, विदिशा का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। उद्देश्य तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा, विभिन्न ट्रेडों और रोजगार संभावनाओं से परिचित कराना रहा। प्रशिक्षकों ने इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर, सोलर टेक्नीशियन सहित पाठ्यक्रमों की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण प्रक्रिया, कार्यप्रणाली और स्वरोजगार के अवसर समझाए। विद्यार्थियों ने वर्कशॉप में प्रायोगिक कार्य देखे और प्रश्न पूछे। शिक्षकों ने बताया कि ऐसे भ्रमण करियर चयन में मार्गदर्शक बनते हैं, जबकि आईटीआई प्रबंधन ने कौशल आधारित शिक्षा अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### महिला संवाद कार्यक्रम मे भाजपा प्रदेश मंत्री बबीता पारासर ने कहा

# महिलाओं, युवाओं, किसानों को सशक्त बनाने वाला बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

केंद्रीय बजट 2026 के प्रचार अभियान के अंतर्गत मंगलवार दोपहर 12 बजे ऑडिटोरियम में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता कर बजट के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की और अपने विचार साझा किए। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को बजट की प्रमुख योजनाओं, अवसरों और लाभों से अवगत कराना रहा। संवाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री बबीता परमार उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में केंद्रीय बजट 2026 को महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट महिलाओं, युवाओं, किसानों और मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने वाला है तथा समाज के हर वर्ग के समग्र विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। साथ ही उन्होंने महिलाओं से शासन की योजनाओं का लाभ उठाने और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन, जिला महामंत्री मुकेश तिवारी, दुर्गा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, बैस नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अरुणा मांझी, रायसेन महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष गायत्री साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा सुमन सोनी, सरिता जैन, आरती श्रीवास्तव और चंद्रकांती नामदेव की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन अंशलेखा भावसार द्वारा किया गया।



### वर्ल्ड पल्स डे पर गर्ल्स कॉलेज में इको प्रदर्शनी लगाई

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में में वर्ल्ड पल्स डे पर इको-प्रदर्शनी, सीड बैंक और जैव विविधता विषयक व्याख्यान आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने छात्राओं की रचनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना की। प्रदर्शनी में दालें, मिलेट्स, औषधीय पौधों के बीज तथा बीज संरक्षण के मॉडल प्रदर्शित किए गए। डॉ. ब्रजेश कुमार साहू ने जैव विविधता संरक्षण पर मार्गदर्शन दिया। स्टोन-ग्लास पेंटिंग जैसी परियोजनाओं से पर्यावरण संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण एवं छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-5890
सरसों
न्यूनतम भाव-3900
उच्चतम भाव-6490
चना
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-5850
मसूर
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-6620
ज्वार
न्यूनतम भाव-1490
उच्चतम भाव-3800
मक्का
न्यूनतम भाव-1310
उच्चतम भाव-1570
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2350
उच्चतम भाव-3382
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-4255
बटरी
न्यूनतम भाव-2701
उच्चतम भाव-3600
उड़द
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-5500
गेहूं
न्यूनतम भाव -1952
उच्चतम भाव- 3225
धनिया
न्यूनतम भाव-8200
उच्चतम भाव-8200
तुअर
न्यूनतम भाव-6500
उच्चतम भाव-6500
अलसी
न्यूनतम भाव-7085
उच्चतम भाव-7085

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 10766 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए



**गंजबासौदा।** गत दिवस बासौदा स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित बीपीएल 6 विधायक कब क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन के अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि तारण तरण जैन पाठशाला परिसर में पिछले एक पखवाडे से चल रहे इस आयोजन में 16 टीमों ने भाग लिया था। ये टीमें नगर सहित आसपास के क्षेत्र की थीं। जिसमें विधानसभा क्षेत्र के खिलाडियों ने क्रिकेट मैचों में शामिल होकर अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया और पुरस्कार प्राप्त किए।

# शिविर में विद्यार्थियों को दी कानून की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




मंगलवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन विद्यावैली हायर सेकेण्डरी स्कूल में किया गया। जिसमें द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश विमलेश मुड़ैया वरिष्ठ खण्ड विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

इसके साथ में सुनील राजपूत पैरालीगल वॉलेंटियर एवं सौरभ कुशवाह पैरालीगल वॉलेंटियर एवं सिटी थाना सहायक उप निरीक्षक लालाराम प्रजापति ने कार्यक्रम में बच्चों को कानून के विषय में जानकारी दी। न्यायाधीश विमलेश मुड़ैया ने साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट, धोखा धडी आदि के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। पैरालीगल वॉलेंटियर सुनील राजपूत ने भी सभी बच्चों को मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। सौरभ कुशवाह ने मौलिक अधिकारों के विषय में बच्चों को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का संचालन अनीता प्रणय जैन ने किया। संस्था के डायरेक्टर प्रणय जैन ने विद्यालय की उपलब्धियों के विषय में विस्तार से बताया। इस अवसर पर न्यायाधीश द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर डायरेक्टर पंकज जैन, अशोक जैन, सत्येंद्र सिंह राजपूत, प्रतिभा मिश्रा, अंजली राजपूत, सोनिका रघुवंशी, शिवानी मीणा, हर्षिता अग्रवाल, मानसी जैन, दीपिका अग्रवाल, हर्षिता जैन, आस्था भार्गव, निष्ठा जैन, मिलन जैन, सिद्धार्थ जैन, मोहन योगी सहित बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# कई बार सर्वे के होने के बाद भी नहीं बना बायपास मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर्व पर 24 घंटे के लिये रास्ता बंद रहता है जिससे आस पास के गांव के आलावा मंडी बमोरा, कुरवाई, बिना, खुरई पहुंच मार्ग रात से लेकर शिवरात्रि के दिन शाम तक बंद रहता है। इस वर्ष रविवार को शिवरात्रि होने की वजह से भीड़ तो रहेगी जिसमे लाखो दर्शनार्थी रहेंगे, सोमवार को शिव जी के विशेष दिन की वजह से भीड़ होगी, जिसकी वजह सोमवार को भी मार्ग बंद रहने की संभावना रहेगी। प्रशासन के पास भविष्य को लेकर कोई ठोस योजना नहीं है। मकसद सिर्फ एक किसी भी तरह आयोजन को निपटाना है। प्रतिवर्ष बैठक आयोजित की जाती है परन्तु स्थाई काम को अंजाम नहीं दिया जाता, मंदिर मार्ग के चौड़ीकरण के बाद भी हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। जिसका मुख्य कारण स्थाई पर्किंग का ना होना, साथ ही महिला श्रद्धांलुओं को प्रसाधन की उचित व्यवस्था न होना है। ग्रामीणों का कहना है कि 2021 के बजट से मेला पूर्व बनने वाले प्रसाधन तक तैयार नहीं हो सका। ग्रामीणों ने इन समस्याओं के शीघ्र स्थाई समाधान की मांग की है, जिससे पर्यटकों, श्रदालुओं, राहगीरों को सुविधाएं मिल सकें।

## ग्राम सतपाड़ा में बनने वाली सड़क का भी किया भूमि पूजन

# 75 लाख के सामुदायिक भवन का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने ग्राम सतपाड़ा और अनवई में सड़क और सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया। यह निर्माण कार्य लगभग पौन करोड रुपए की लागत से किया जाएगा। इस दौरान विधायक और भाजपा नेताओं ने प्रदेश और केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने ग्राम सतपाड़ा में सतपाड़ा से सतपाड़ा टपरा तक की सड़क का भूमि पूजन किया। बहु प्रतीक्षित सड़क का निर्माण 50 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा एवं ग्राम अनवई में 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया गया। दोनों ग्रामों के ग्रामीणों ने बहु प्रतीक्षित सड़क और सामुदायिक भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विधायक हरिसिंह रघुवंशी का आभार माना। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तय किया है। जिसका मजबूत धरातल ग्रामीण विकास से प्रारंभ किया जा रहा है। ग्रामीण अंचलों में सड़कों और मूलभूत सुविधाओं सहित जन आकांक्षाओं को पूरा करने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत यह विकास कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मध्य प्रदेश को अग्रणी प्रदेश बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। वहीं खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान नई-नई तकनीक और किसानों को राहत देने की योजना बना रहे हैं। जिससे हमारे विधानसभा क्षेत्र का ही नहीं बल्कि पूरे मध्य प्रदेश और राष्ट्र का विकास होगा। अब हम सबको मिलकर इस पुनीत पावन कार्य को सफल बनाने में एकजुट होकर साथ देना होगा। तभी 2047 में विकसित भारत का स्वर्णिम निर्माण होगा। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह रघुवंशी, त्योंदा मंडल अध्यक्ष रोहित कुर्मी, भाजपा वरिष्ठ नेता महेंद्र लोधी, मलखान सिंह गुर्जर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह रघुवंशी, तरवर सिंह रघुवंशी, सरपंच अनवई, सरपंच ग्राम पंचायत सतपाड़ा कला सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# एसडीएम ने पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में बैठक लेकर दिए दिशा निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक एसडीएम एवं नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति अनुभा जैन की अध्यक्षता में अन्य विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों डॉक्टर नीलिमा सिंह, डॉ मालवीय, एसडीओ पीडब्लूडी, विद्यालय प्राचार्य सुमन सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई। उक्त बैठक में विद्यालय की कई समस्याओं के निराकरण हेतु जैसे विद्यालय की विद्युत लाइन को शहरी क्षेत्र से जोड़ने तथा विद्यालय में कचरा गाड़ी ना आने इत्यादि पर चर्चा हुई। जिसके त्वरित परिणाम स्वरूप डीई विद्युत कंपनी ने आश्वस्त किया है कि दिनांक 11 फरवरी से केंद्रीय विद्यालय में बिजली आपूर्ति सुबह 9 बजे से 1 बजे के बीच आवश्यक रूप से रहेगी। केंद्रीय विद्यालय परिवार ने नामित अध्यक्ष एवं एसडीएम अनुभा जैन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यस्ततम समय से कुछ समय निकालकर, विद्यालय के विकास हेतु महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## डॉ. विनीत तिवारी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित



**गंजबासौदा।** जीवन वैभव पत्रिका के 40 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कैरियर कॉलेज सभागार में पत्रिका के संपादक एवं देश के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य डॉ. हेमचंद पांडे द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन में देश-विदेश से पधारे 200 से अधिक ज्योतिष के विद्वानों ने शिरकत की। इस ऐतिहासिक अवसर पर अखिल भारतीय ज्योतिष महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विनीत तिवारी को ज्योतिष जगत में उनके उल्लेखनीय एवं असाधारण योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उनके अथक परिश्रम, ज्ञान-प्रसार, ज्योतिष के माध्यम से समाज सेवा तथा ज्योतिष जगत में दिए गए योगदान की जीती-जागती मिसाल है।मुख्य अतिथि पंडित के. ए. दुबे.पद्मेश एवं अखिल भारतीय ज्योतिष संस्था संघ के अध्यक्ष एवं फ्यूचर समाचार के संपादक डॉ. अरुण बंसल के द्वारा डॉ. विनीत तिवारी को शाल ओढ़ाकर, प्रमाण पत्र प्रदान कर और लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डॉ. विनीत तिवारी ने मांगलिक दोष एवं वैवाहिक जीवन पर गहन व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि कुंडली में यदि मंगल लग्न, चतुर्थ, सप्तम, अष्टम या द्वादश भाव में स्थित हो तो जातक मांगलिक माना जाता है। ऐसी स्थिति में वैवाहिक जीवन में तनाव, अलगाव या जीवनसाथी की असमय मृत्यु जैसी चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं। प्रसिद्ध ज्योतिष ग्रंथ चमत्कार चिंतामणि के अनुसार सप्तम भाव में मंगल पुरुष की कुंडली में स्त्री का और स्त्री की कुंडली में पुरुष का नाश करता है। डॉ. तिवारी ने मांगलिक दोष के सर्वोत्तम निवारण पर जोर देते हुए कहा कि मांगलिक वर के लिए मांगलिक कन्या का चुनाव ही सबसे उत्तम निवारण है, क्योंकि दोनों कुंडलियों में समान भावों में मंगल की उपस्थिति दोष को संतुलित करती है। साथ ही उन्होंने दोष निवारण के अनेक प्रभावी उपाय भी विस्तार से साझा किए, जो उपस्थित श्रोताओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहे।

## दुख जब आते हैं तो हमारे पाप कटते हैं: महाराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

त्योंदा रोड स्थित सरस्वती नगर में चल रही संगीतमय भागवत कथा के तीसरे दिवस में व्यास गादी से कथा वाचक पंडित तरुण महाराज ने भक्त ध्रुव की कथा सुनाते हुए कहते हैं कि दुख जब आते हैं तो हमारे पाप काटते हैं और जीवन में जब सुख आते हैं तो हमारे पुण्य नष्ट होते हैं। पंडित तरुण महाराज ने बताया कि जीवन का कोई भरोसा नहीं है, इसलिए भक्ति बचपन से ही करना चाहिए। जैसे ध्रुव ने पांच वर्ष की अवस्था में भक्ति प्राप्त की, आगे जब भरत जी ने कथा श्रवण करते हुए, कहा जब भरत चक्रवर्ती सम्राट थे, लेकिन उन्होंने पिता के पद चिन्हों पर चलकर बैरागी धारण किया और अपने भाई भगवान श्रीराम के चरण पादुकाओं को सिंहासन पर रखकर राज्य का निर्वहन किया। इसी तरह हम मनुष्य को भी बचपन से ही भक्ति भाव से पूजा अर्चन करनी चाहिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने कथा स्थल पर मौजूद रहकर कथा का श्रवण किया।

# शिव पार्वती विवाह के माध्यम से दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



राजेंद्र नगर डिडोली मंदिर के नीरज शर्मा के बगीचे में आयोजित हो रही श्री शिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। कथा के प्रवक्ता आचार्य पंडित विकास आनंद एलिया ने शिव विवाह चरित्र सुनाते हुए भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का सुंदर और मनोहारी वर्णन किया। इस दौरान शिव-पार्वती की भव्य झांकी श्रद्धालुओं का आकर्षण का केंद्र रही। कथा में अयोध्या धाम से आए कथा व्यास ज्योति शंकर तिवारी ने शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि कैसे पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रकट हुईं। बेटी के बड़े होने पर पर्वतराज को उनकी शादी की चिंता सताने लगी, और इसी बीच महर्षि नारद ने भगवान शिव के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। विवाह प्रसंग के दौरान शिव-पार्वती की झांकी पर श्रद्धालुओं ने पुष्पों की वर्षा की और अपनी श्रद्धा अर्पित की। कथा व्यास ने कहा कि यह प्रसंग केवल शिव और शक्ति के मिलन का प्रतीक नहीं है, बल्कि जीवन में धैर्य, तपस्या और प्रेम की महत्ता को भी दर्शाता है। उन्होंने समुद्र मंथन की कथा का उदाहरण देते हुए यह संदेश दिया कि कठिन प्रयासों और परिश्रम से ही जीवन में अमृत समान उपलब्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। कथा के दौरान भक्ति गीतों और भजनों का माहौल कथा के दौरान भक्ति गीतों और भजनों ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से सराबोर कर दिया। कथा में मुख्य यजमान नीति नीरज शर्मा और वंदना दिलीप शर्मा के साथ समस्त आचार्यगण उपस्थित रहे। पूजा अनुष्ठान का विधिपूर्वक संचालन विपिन महाराज ने किया। शिव-पार्वती के विवाह के इस दिव्य प्रसंग ने श्रद्धालुओं के ह्रदय में भक्ति और प्रेम का रस भर दिया और उनके जीवन में सुख-शांति की कामना का मार्ग प्रशस्त किया।

## 24 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित होगा पंच कल्याणक

# 165 किमी पदविहार कर गोशाला पहुंचा मुनि संघ






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावी शिष्य एवं नवाआचार्य श्री समय सागर जी महाराज के अज्ञानुवर्ती मुनि श्री विमल मुनि एवं श्री अनंत सागर जी महाराज का भव्य नगर प्रवेश दिनांक 11 फरवरी को प्रातः 8 बजे होना है। मुनि संघ का विहार प्रातः 6 बजे आचार्य श्री विद्यासागर गौ शाला से बैतोली फाटक से, त्योंदा रोड होते हुए श्री शांतिनाथ जिनालय पर होगा। अगवानी को लेकर सकल जैन समाज गंज बासौदा ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। नगर आगमन के पूर्व मुनि संघ का रात्रि विश्राम मेवली कांचरोद रोड स्थित आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला में रहेगा। गौ शाला समिति द्वारा गौशाला के द्वार पर रंगोली बनाकर और दीपक जलाकर मुनि संघ की अगवानी की। ज्ञात हो नगर में स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर शांतिनगर में नव निर्मित चौबीसी वेदी पर विराजमान होने वाले वर्तमान चौबीस तीर्थंकर के पंच कल्याणक एवं गजरथ महा महोत्सव का आयोजन दिनांक 24 फरवरी से 2 मार्च तक किया जाना है। उक्त पंच कल्याणक महोत्सव मुनि श्री विमल सागर जी महाराज एवं मुनि श्री अनंत सागर जी महाराज के सानिध्य में होंगे। पंच कल्याणक महोत्सव में प्रतिष्ठाचार्य, कुशल निर्देशन ब्रह्मचारी विनय भैय्या (बंडा) का रहेगा। मुनि श्री के नगर आगमन पर आयोजन समिति द्वारा नगर सज्जा भी की गई। जिसमें विशाल द्वार के साथ मार्ग के दोनों ओर रंगोली बनाई गई है। पंच कल्याणक महोत्सव के आयोजन को लेकर सकल जैन समाज ने आयोजन स्थल पर एक बैठक का आयोजन किया, जिसमें प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए। वहीं जैन समाज प्रतिनिधि मंडल ने आयोजन को लेकर आवश्यक जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साझा की तो वहीं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आयोजन समिति की मांग पर आयोजन स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे जल आपूर्ति, स्वास्थ सुविधाएं, एम्बुलेंस, सुरक्षा हेतु पुलिस बल, विद्युत आपूर्ति, साफ सफाई जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभा जैन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शिखा भलावी, नगर पालिका सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव, विद्युत मंडल एई करण सिंह दोहरे, मंडी कार्यलय से शिवराम सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी, आयोजन समिति एवं सकल जैन समाज का प्रतिनिधि मंडल आयोजन स्थल पर मौजूद रहा।

# डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एक होटल में लायंस क्लब द्वारा महाकाल की नगरी क्षिप्रा के तट से पधारे डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3233 G 2 के वर्तमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ की आधिकारिक यात्रा आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर लायंस क्लब संगठन के फाउंड मेल्विन जॉन्स की फोटो को माल्या अर्पण कर किया गया। लायन चंद्रकांता दीक्षित द्वारा ध्वज वंदना प्रस्तुत की गई, वर्तमान क्लब अध्यक्ष लायन विजय अरोड़ा द्वारा अतिथियों का स्वागत तिलक कर माला एवं शाल से किया गया। अध्यक्ष द्वारा अतिथियों का स्वागत शब्द गुच्छों द्वारा किया गया। क्लब की सचिव लायन मधुलता अग्रवाल द्वारा क्लब का वर्ष भर का सचिव ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कोषाध्यक्ष लायन आशा अग्रवाल द्वारा क्लब के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत गया। कार्यक्रम में पधारे रीजन चेयरपर्सन लायन मुदित बंसल द्वारा क्लब के पदाधिकारीयों को मार्गदर्शन दिया गया, साथ ही साथ सदस्यता बढ़ाने का बोला। तत्पश्चात लायन मनीषा गोयल द्वारा मुख्य अतिथि एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ का जीवन परिचय प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने अपने उद्बोधन में लायंस क्लब के द्वारा किए जा रहे नर सेवा नारायण सेवा के अंतर्गत किये जा रहे सेवा कार्यो की प्रशंसा की और ऊर्जावान क्लब अध्यक्ष विजय अरोड़ा को सेवा के प्रति उनके समर्पण भाव व लगन के लिए मल्टीपल का प्रशस्ति पत्र व अंतर्राष्ट्रीय पीन से सम्मान किया। लायंस इंटरनेशनल की 10 साल सदस्यता के पूरे होने के लिए प्रशस्ति पत्र और पिन लायन नीलम रघुवंशी, आरती गर्ग और मनीषा गोयल को भेंट किये। चार्टर प्रेसिडेंट लायन विनीता गोयल को अंतरराष्ट्रीय पिन और मल्टीपल का सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। लायंस क्लब का निस्वार्थ भाव से सपोर्ट करने के लिए मनोज गोयल को भी सम्मानित किया। क्लब द्वारा दो अनाथ बच्चियों को उनकी पढ़ाई व अन्य जरूरत को पूरी करने के लिए नगद राशि भेंट की बच्चों के बारे में सुनने के बाद गवर्नर ने भी बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान की। अन्न दान महादान के अंतर्गत अन्नपूर्णा सेवा समिति को नगद राशि प्रदान की गई। दो नए सदस्यों विमलेश सिंपी को भी गवर्नर द्वारा पिन लगाकर शपथ दिलाई। आभार लायन मधुलता अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले, दिलीप देसाई, ललित रघुवंशी, डॉ. ए के रोहले , सुनीता अरोरा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026: जिले में 119 केंद्रों पर शांतिपूर्ण परीक्षा

**सागर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 के अंतर्गत आज अंग्रेजी विषय की परीक्षा जिले के विभिन्न विकासखण्डों में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। जिले में कुल 119 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई, जहां कुल 21,232 परीक्षार्थी दर्ज थे। इनमें से 21,006 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जबकि 226 अनुपस्थित पाए गए। नकल का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन द्वारा शासकीय संदीपनी उच्च माध्यमिक विद्यालय जैसीनगर सहित अन्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सहायक संचालक दल एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों ने भी विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### आपकी महापौर आपके द्वार जनचौपाल आज

**सागर।** नगर निगम सागर द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से "आपकी महापौर आपके द्वार" एवं जनचौपाल शिविर का आयोजन महापौर संगीता सुशील तिवारी के निर्देशानुसार दिनांक 11 फरवरी बुधवार को प्रातः 11 बजे से राजीव नगर वार्ड स्थित महाकवि पद्माकर सभागार (स्वास्थ्य विभाग जोन कार्यालय के पास) आयोजित किया जाएगा। शिविर में क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को मौके पर ही सुनकर निराकरण करने की व्यवस्था की गई है। पेयजल, सफाई, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, पेंशन योजना,राजस्व एवं अन्य नगर निगम से संबंधित विषयों पर नागरिक सीधे अपनी बात रख सकेंगे। निगम प्रशासन संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थिति के निर्देश दिए। इसमें उपायुक्त, सहायक आयुक्त, सहायक यंत्री, उपयंत्री सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

**ई- विकास प्रणाली और ई-टोकन व्यवस्था को प्राथमिकता से करें लागू**

# संभाग कमिश्नर सुचारी की सख्त चेतावनी, अमानक खाद बीज बेचने वाले डीलरों के लाइसेंस होंगे निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



संभाग आयुक्त अनिल सुचारी ने संभाग के कृषि, सहकारिता, बैंकिंग और विपणन से जुड़े विभिन्न विभागों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। बैठक में कमिश्नर ने खाद, बीज और कीटनाशकों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कृषि विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि बाजार में उपलब्ध कृषि सामग्री की निरंतर सैंपलिंग की जाए। उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जिन डीलरों के नमूने लगातार अमानक पाए जा रहे हैं, उनके विरुद्ध महज खानापूर्ति करने के बजाय सीधे लाइसेंस निरस्त करने की सख्त कार्यवाही की जाए और अमानक सामग्री की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाए।

प्रशासनिक पारदर्शिता की दिशा में सुचारी ने सहकारिता विभाग को संभाग की सभी सहकारी समितियों का शत-प्रतिशत कंप्यूटराइजेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि व्यवस्था को आधुनिक और त्रुटिहीन बनाया जा सके। साथ ही कृषि विभाग के अंतर्गत ई-विकास प्रणाली और ई-टोकन व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया, जिससे किसानों को तकनीकी रूप से सुदृढ़ किया जा सके। कमिश्नर ने आधुनिक कृषि यंत्रों जैसे हैप्पीसीडर, सुपर सीडर, स्ट्रॉ रीपर और बाइंडर के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए ग्राम स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा, ताकि किसान इन उन्नत तकनीकों का लाभ उठाकर अपनी खेती को और अधिक सुगम बना सकें।

बैठक के दौरान वित्तीय स्थिति और राजस्व वसूली को लेकर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। विशेष रूप से मध्य प्रदेश राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) द्वारा ऋण वसूली में लक्ष्य के विरुद्ध अत्यधिक कम प्रगति पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए शीघ्र वसूली के कड़े निर्देश दिए। इसी कड़ी में उन्होंने बीज प्रमाणीकरण की धीमी गति को देखते हुए भौतिक सत्यापन कार्य में तेजी लाने को कहा। मंडी बोर्ड की समीक्षा करते हुए उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि कुछ जिलों में फसलों की आवक बढ़ने के बावजूद मंडी की आय में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई है। इस विसंगति को दूर करने के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फसलों की आय की गहन समीक्षा कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए।

समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त पवन जैन, उपायुक्त विनय द्विवेदी, सहकारिता, एम.पी. एग्रो बीज निगम, कृषि, वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के, मंडी बोर्ड, अपेक्स बैंक और मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ के अधिकारी उपस्थित थे।

**श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में वारदात**

## मूर्ति तोड़फोड़ घटना के बारे में विधायक ने की एसपी से चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

ग्राम गोपाल नगर के प्राचीन श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में हुई मूर्ति के साथ तोड़फोड़ की घटना को लेकर विधायक उमाकान्त शर्मा ने जनप्रतिनिधियों एवं विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों के साथ ग्राम गोपालनगर पहुंचकर पुलिस प्रशासन से चल रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। साथ ही उन्होने विदिशा पुलिस अधीक्षक व अन्य प्रशासनिक अधिकारियो से चर्चा कर 48 घंटे में सख्त से सख्त कार्यवाही करने हेतु निवेदन किया।

इस घटना में जन सामान्य, हिन्दू धर्म के नागरिकगणों व सामाजिक संगठनों में आक्रोश व्याप्त है।



### सब्जी मंडी में रहेगा अब स्वेच्छा पूर्ण अवकाश

**सागर।** सब्जी मंडी प्रांगण तिलकगंज में आदर्श थोक फल सब्जी विक्रेता संघ सागर ने बैठक का आयोजन किया। जिसमें फुटकर फल सब्जी विक्रेता यूनियन एवं हम्माल यूनियन के साथ साप्ताहिक अवकाश हेतु प्रत्येक सोमवार पुनःविचार एवं सरलीकरण हेतु सम्मिलित बैठक हुई। जिसमे संघ अध्यक्ष राजकुमार धामेचा एवं सचिव अकील अहमद ने बीते दो साप्ताहिक अवकाश के सफल होने पर सभी का आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात्य व्यापारियों से विचार लिये गये जिसमें सर्वप्रथम फल विक्रेताओं ने अपने विचार रखे और अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि गर्मी का तापमान बढ़ने के कारण हमारे फल अत्याधिक मात्रा में खराब हो रहे हैं। इसलिए पुनर्विचार करके साप्ताहिक अवकाश को स्वेच्छा पूर्ण किया जाए। फुटकर विक्रेताओं के अध्यक्ष हरिराम पटेल एवं उपाध्यक्ष अकबर राईन एवं सदस्यों और हम्माल यूनियन ने भी एक स्वर में प्रत्येक सोमवार को स्वेच्छापूर्ण बंद रखने की सहमति दी।

## सीवरेज कार्य में टूटी पाइपलाइन, 50 घरों में पानी बंद, खुरई में काम की लापरवाही से पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में गुरुद्वारे के पीछे सीवरेज कार्य के दौरान पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इस कारण सोमवार को एक गली के लगभग 50 घरों में पेयजल आपूर्ति बाधित रही। रविवार को इसी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति में गंदा पानी आने की शिकायतें मिली थीं। वार्डवासियों को आशंका थी कि पाइपलाइन का कनेक्शन नाली के पानी से हो गया है। शिकायत के बाद नगर पालिका की जल प्रदाय टीम मौके पर पहुंची।



**पाइपलाइन क्षतिग्रस्त से पेयजल आपूर्ति बाधित**

जांच में पता चला कि सीवरेज कार्य के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके चलते सोमवार को प्रभावित गली में पानी की सप्लाई रोक दी गई। सहायक यंत्री अविनाश रावत, उपयंत्री शैलेंद्र सिंह और जल आपूर्ति व्यवस्था प्रभारी रामगोपाल अहिरवार ने मौके का दौरा किया। उन्होंने जल आपूर्ति पाइपलाइन के सुधार कार्य को तत्काल शुरू करवाया। खुरई नगर पालिका के जनसंपर्क अधिकारी जितेंद्र ने बताया कि मरम्मत दल द्वारा क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की लीकेज को ठीक करने का कार्य तेज है। जल आपूर्ति व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल कर वार्डवासियों को असुविधा से बचाया जा सके।



### परंपरा और प्रगति का संतुलन ही सेन समाज की ताकतः अविराज सिंह

**खुरई।** युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि सेन समाज संत शिरोमणि सेन जी महाराज के वंशजों का समाज है, जिसने सदैव भारतीय संस्कृति को आत्मसात करते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सेन समाज की सबसे बड़ी शक्ति यही है कि यह समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहते हुए समय के साथ आगे बढ़ रहा है। खैरा नाका फाटक, भूसा मंडी रोड, खुरई पर स्थित निर्माणाधीन सेन मंदिर एवं धर्मशाला परिसर में सेन समाज द्वारा आयोजित सत्यनारायण कथा में युवा नेता अविराज सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन, श्रद्धालु एवं युवा वर्ग मौजूद रहा। कथा के उपरांत आयोजित कार्यक्रम में अविराज सिंह ने समाज, युवाओं और राष्ट्र निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज सेन समाज के युवा शिक्षा, तकनीक और सामाजिक दायित्वों के साथ आगे बढ़ रहे हैं, और इन्हीं युवाओं के प्रयासों से समाज निरंतर प्रगति कर रहा है। किसी भी समाज और राष्ट्र का भविष्य उसके युवा होते हैं, इसलिए युवाओं को अपनी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग करना चाहिए। अविराज सिंह ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि ऊर्जा का सही उपयोग संभव है।

# फसल गिरदावरी न दिखाई देने से किसानों का नहीं हो रहा पंजीयन

**7 फरवरी से प्रारंभ हुए पंजीयन, 26 मार्च तक चलेंगे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

7 फरवरी से समर्थन मूल्य पर गेंहू बेचने पंजीयन कराने की घोषणा में किसानों के खेतों में फसल गिरदावरी न दिखलाई देने से पंजीयन नहीं हो पा रहे है। विवाहों और खेती के महत्वपूर्ण समय में किसान समर्थन मूल्य पर गेंहू बेचने पंजीयन के लिए परेशान और समय की बर्बादी हो रही है।

विपरण वर्ष 2025-26 की शुरुआत हो चुकी है। बाड़ी-बरेली तहसीलों में धान की खेती के बाद किसानों द्वारा मुख्य रूप से गेंहू की खेती की जाती है। समर्थन मुल्य पर गेंहू बेचने हजारों किसानों द्वारा पंजीयन करवा कर गेंहू बेचा जाता है। पंजीयन के लिए पोर्टल पर फसल विवरण, गिरदावरी प्रदर्शित न होने से किसानों का पंजीयन नहीं हो पा रहा है। तकनीकि खराबी, गड़बड़ी गेंहू पंजीयन में किसानों के समक्ष सबसे बड़ी परेशानी और बाधा बन रही है।



**पंजीयन नहीं होने से किसान हो रहे निराश**

रायसेन जिले कि बरेली-बाड़ी तहसीलों में सबसे अधिक खेती होने से सबसे अधिक खरीदी केन्द्र और किसानों की संख्या रहती है। गेंहू बेचने किसान एमपीऑन लाइन, कियोस्क सेंटर, राशन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र और सरकारी समितियों के माध्यम से पंजीयन करा सकते है। 7 तारीख से पंजीयन की शुरुआत हुई। तीन-चार दिन निकल गए। पंजीयन की आखिरी तिथि मार्च 26 रखी गई है।

## बदला मौसम का मिजाज, सूरज की किरणों के तीखे हुए तेवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

भले ही हवाओं में ठण्डक घुली हो परन्तु फरवरी का दूसरा सप्ताह शुरु होते ही सूरज की किरणों में तीखापन आ जाने से दिन में उमस और पसीना निकलना शुरु हो गया है। जिस प्रकार दिन और रात का तापमान धीरे-धीरे बढना शुरु हुआ है। अगले दिनों में गर्मी का जोर बढने की संभावना है।

- तापमान बढ़ने के साथ पखों, कूलर का उपयोग

इस वर्ष दीपावली पूर्व से ही शीत का मौसम शुरु हो गया। नवंबर, दिसंबर और जनवरी के महीनों में शीत का भारी प्रकोप निरंतर बना रहा। अन्य वर्षो की तुलना में इस वर्ष लम्बे समय तक रिकार्ड तोड़ शीत का प्रकोप बना रहा।

# नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं गंदगी मुक्त बनाने के लिए नगर परिषद घर-घर से उठा रही कचरा

**नगर में निकलने वाले कचरे में सबसे अधिक पन्नी, डिस्पोजल सामाग्री**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

सुबह और शाम दिन में दो बार नगर की सड़कों से कचरा उठाने और सुबह-सुबह घर घर पहुंच कर नगर परिषद के कचरा वाहन कचरा एकत्रित कर रहे हैं।

इसके बाद भी नगर की नालियों, सड़कों, सार्वजनिक स्थानों पर खाद्य सामग्री में उपयोग की गई डिस्पोजल गिलाश, प्लेट सहित अन्य सामग्री दुकानदारों, ग्राहकों द्वारा सड़कों पर डालने से गंदगी बनी रहती है। सामग्री के पास आवारा मवेशियों का डेरा बना रहने से आवागमन जोखिम भरा बना रहता है।




**नालियों और सड़कों पर कचरा डालने की आदत**

कचरा वाहन नगर के सभी 15 वार्डो में घरों-घर कचरा एकत्रित करने प्रतिदिन चक्कर लगाते है। जागरुक महिलाएं व नागरिक तो घरों का एकत्रित कचरा वाहन वालों को देते है। सुबह साफ हुई सडक़ों पर दोपहर तक कचरा, पन्नी की अधिकता होने के कारण घरों से निकली पन्नी खाद्य या अन्य सामग्री में उपयोग हुई पन्नीयों को सडक़ों पर फेंक दिया जाता है। या चुपचाप नालियों में डाल देने से शाम तक सफाई गंदगी में तबदील हो जाती है।

**प्रतिबंधित पन्नियों का भारी उपयोग**

किराना, सब्जी, फलों के साथ होटलों, चाय की दुकानों सहित लगभग सभी दुकानदार वस्तुओं की खरीददारी में सामग्री प्रतिबंधित प्लास्टिक पन्नीयों में भरकर ग्राहकों को सरेआम देते रहते है। दुकानदारों को प्रतिबंधित पन्नी कहां से मिलने, बिकने के स्त्रोत है। यदि प्रभावी कठोर कार्यवाही नियमित रूप से हो तो नगर की नालियां, सडक़ें, सार्वजनिक स्थान कचरा गंदगी मुक्त हो सकते है। नगर में प्रतिदिन निकलने वाले कचरे में सबसे अधिक मात्रा प्रतिबंधित पन्नीयों एवं डिस्पोजल सामग्री की रहती है।

**देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों में दर्जनों नर्मदा रेत की खदानें**

# रेत खदानों का सीमांकन नहीं होने से मनचाहे स्थान से किया जा रहा उत्खनन और परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

इस क्षेत्र के निवासियों का यह सौभाग्य है कि उनका जन्म नर्मदा मैया के आंचल में हुआ। देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों के दर्जनों स्थानों से वैध, अवैध रूप से नर्मदा रेत का मशीनों से उत्खनन डंफरों, ट्रैक्टर-ट्रालियों द्वारा ओवरलोड परिवहन कर नर्मदा मैया की सुनहरी रेत को मोटी कमाई का जरिया बना लिया है।

सबसे बड़े आश्चर्य का विषय तो यह है, कि 24 घंटे नर्मदा तटों से रेत का उत्खनन परिवहन हो रहा है। परंतु रेत खदानों का सीमांकन नहीं किया गया है, इसी कारण रेत परिवहन रास्तों को लेकर पूर्व में विवाद झगड़े की अनेक घटनाएं हो चुकी है।



**केतोघान सरपंच ने उठाई सीमांकन की मांग**

उदयपुरा तहसील के प्रमुख नर्मदा किनारे बसे ग्राम केतोघान के सरपंच ग्रामीणों ने एसडीएम संतोष मुद्गल को ज्ञापन सौंप कर रेत खदानों के सीमांकन किए जाने की मांग की और बताया कि केतोघान नर्मदा तट पर 6 रेत खदान स्वीकृत है, परंतु उनका सीमांकन नहीं किया गया है। नर्मदा स्नान घाट के सामने सुरक्षित मेला ग्राउंड से भी रेत का मनमाने ढंग से उत्खनन किया जा रहा है। रेत खदानों का रास्ता ग्राम के बीचों बीच मुख्य बाजार से रेत से भरे ओवरलोड वाहन निकालने से कभी भी घटना दुर्घटना की संभावना जोखिम बना रहता है। विभिन्न पर्व धार्मिक अवसरों पर भारी संख्या में श्रद्धालु नर-नारियों के केतोघान नर्मदा तट पर स्नान के लिए भीड़ उमडती है।

**मनमाने ढंग से रेत का हो रहा उत्खनन**

देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों के दर्जन नर्मदा तटों से मनमाने स्थान से नर्मदा रेत का वैध, अवैध ढंग से 24 घंटे उत्खनन परिवहन हो रहा है। रेत खदानों का सीमांकन न होने से विवाद भी होते रहते हैं। नर्मदा मैया की रेत भरकर ले जाने की होड़ मची रहती है। रेत खदानों का सीमांकन होने से नर्मदा की रेत के अवैध मनमाने ढंग से हो रहे उत्खनन परिवहन पर लगाम लग सकती है। जिसके लिए खनिज विभाग, राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई किया जाना जरूरी है।

## पेंशनर्स बैठक में सेवानिवृत्त को ग्रहण कराई सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा बरेली की नियमित मासिक बैठक रामलीला मैदान के मंदिर प्रांगण में आरडी रघुवंशी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नवसेवा निवृत शासकीय सेवकों का तिलक कर शाल, श्रीफल से सम्मान कर सदस्यता ग्रहण कराई गई। दिनेश कुमार राजोरिया, चंद्रकुमार श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, राजेश कुमार राय, शिक्षा विभाग एवं सीताराम कहार राजस्व विभाग से सेवानिवृत को सदस्यता ग्रहण कराई गई। बैठक में आगामी माह मार्च में तहसील शाखा द्वारा जिला सम्मेलन कराने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में भवूत सिंह खूते, केके चौबे, आरजी धाकड़, नारायण सिंह किरार, एएन सक्सेना, एससी शर्मा, आरएन बबेले, बीएम शर्मा, जेपी धाकड़, आरडी श्रीवास्तव, अर्जुन सिंह राजपूत, गुलाब सिंह विश्वकर्मा, हनुमत सिंह धाकड़, मोहन सिंह जरारिया, डीपी भारद्वाज, आरएन बबेले उपस्थित रहे।

TRACTOR FOR SALE
Mahindra 605 DI 4WD
MODEL - 2024
RC No- MP40ZH4468
Engine No.-
NRC4WXE0083
CHASSIS No.-
MBNWHBDJ5RNC01428
Contact -
Sundaram Finance
Ltd. Vidisha (M.P.)
M. 9425600144

**कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा**

**ई. निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक / 610-612/water Supply/2026 — विदिशा दिनाँक 05/02/2026

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं. | निविदा क्रं. | ई. टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई. निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 611 | 2026_UAD_480978_1 | Supply of High density polyetheline fittings for water supply | I call | 1000000.00 | 10000.00 | 2000.00 | 12 Month | 23-02-2026 |
| 2. | 610 | 2026_UAD_480952_1 | Supply and instalation of water coolers for public drinking water | I call | 900000.00 | 9000.00 | 2000.00 | 01 months | 23-02-2026 |
| 3. | 612 | 2026_UAD_480967_1 | Supply of Different type of E/M materials for water supply | I call | 1000000.00 | 10000.00 | 2000.00 | 12 Month | 23-02-2026 |

1- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड़, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद विदिशा**

## जनसुनवाई में कई समस्या लेकर पहुंचे लोग, कलेक्टर ने सुनकर किया निराकरण

# बिजली विभाग की मनमनी से परेशान होकर पेट्रोल से भरी बॉटल लेकर जनसुनवाई में पहुंचा किसान, बोला- आत्महत्या करूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बिजली कंपनी के कर्मचारियों की मनमानी और केबल काटने से नाराज किसान मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पेट्रोल की बोतल लेकर पहुंच गया और आत्महत्या की धमकी देने लगा। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों और अधिकारियों द्वारा किसान के हाथों से बोतल छुड़ाकर उसे समझाइश दी गई।

बताया जाता है कि सांची ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सुंड का हरिराम किसानी करता है और उसके खेत में लगे कृषि कनेक्शन उसके पिता धन्नालाल के नाम से है, जिसकी 15 हजार रुपए राशि बकाया थी, जिसमें से उसके द्वारा विद्युत विभाग में 12 हजार रुपए जमा कर दिए गए थे। इसके बावजूद भी उसका कनेक्शन काट दिया गया।






किसान ने आरोप लगाया है कि जेई गणेश अमेनहर और लाइन मैन लाल सिंह गुर्जर द्वारा मनमानी पूर्वक मेरा काट दिया है। जिससे अब फलती फूलती फसल पर पानी नहीं हो पा रहा है, जिससे फसल बर्बाद हो सकती है। इसी बात से परेशान होकर किसान मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचा और साथ में पेट्रोल बोतल लेकर आया था।

कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने दोनों मामलों को गंभीरता से सुना। किसान हरिराम को एसडीएम मनीष शर्मा ने उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

### स्वीकृति के बाद भी सड़का का नहीं हुआ निर्माण, ग्रामीण परेशान

दूसरी ओर, ग्राम करमोदिया से रातातलाई तक सड़क न होने से परेशान बंजारा समाज के लोग भी बड़ी संख्या में जनसुनवाई में पहुंचे। उन्होंने बताया कि पूर्व में सीसी रोड स्वीकृत हुई थी, लेकिन निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया। बारिश में कीचड़ होने से मोटरसाइकिल तक फंस जाती है। मरीजों और प्रसूताओं को ट्रैक्टर-ट्रॉली या खाट पर उठाकर मुख्य सड़क तक लाना पड़ता है। बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। मामले में एसडीएम ने बताया कि जिला पंचायत और जनपद सीईओ से संपर्क कर सरपंच और सचिव को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। अधूरे काम को जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### आदेश दिए हैं

पेट्रोल से भरी बॉटल लेकर जनसुनवाई में पहुंचे परेशान किसान हरिराम जो आत्महत्या करने की फिराक में था। हमने उसे समझाइश दी। वहीं बिजली कंपनी के जीएम पराग और ग्रामीण जेई गणेश अमेनहर को उसका बिजली कनेक्शन बहाल करने के आदेश दिए हैं।

**- मनीष शर्मा,** एसडीएम रायसेन।

### कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा द्वारा लोगों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण किया। कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए आवेदकों से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा करते हुए निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

## खबर संक्षेप

### सूर्यप्रकाश सक्सेना बने शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**रायसेन।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर सूर्य प्रकाश सक्सेना की नियुक्ति से जिले के शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। यह नियुक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव एवं प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र सिंह की अनुशंसा पर की गई। जिला अध्यक्ष शरद द्विवेदी एवं कार्यकारी जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र याज्ञिक ने संयुक्त रूप से आदेश जारी कर सूर्य प्रकाश सक्सेना को शिक्षा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। नियुक्ति के उपरांत संदीपनी माध्यमिक शाला, वार्ड क्रमांक 8 रायसेन में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान संघ पदाधिकारियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सूर्य प्रकाश सक्सेना का फूल-मालाओं से स्वागत किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी।



### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर कल, मिलेंगी फ्री दवाएं

**सलामतपुर।** 12 फरवरी को सांची विकासखंड के सलामतपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। डॉ जीसी गौतम ने सभी क्षेत्र वासियों से अपील कि है कि शिविर में सम्मिलित होकर नि:शुल्क शिविर का लाभ उठाए अवश्य उठाएं। शिविर सुबह 11 बजे से 3 बजे राजीव नगर रेलवे स्टेशन के सामने सलामतपुर में आयोजित होगा। शिविर में कई तरह की जांचे नि:शुल्क की जाएंगी। शिविर में आने वाले भर्ती मरीजों की आंखों की जांच जिसमें कांच बिन्दु, मोतियाबिंद, नाखुना आदि की जांचें नि:शुल्क की जायेगी।

### पेयजल संबंधी समस्याएं हल करने हुई सुनवाई

**रायसेन।** जिले के उदयपुरा क्षेत्र में ग्रामीणों की पेयजल संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए मप्र जल निगम मर्यादित परियोजना क्रियान्वयन द्वारा मंगलवार को ग्राम पंचायत तिखावन में जल सुनवाई का आयोजन किया। जिसमें नए नल कनेक्शन से संबंधित 6 आवेदन, लीकेज से संबंधित 1 शिकायत और डैमेज से संबंधित 1 शिकायत प्राप्त हुई।

## जिला अस्पताल के हालात बदहाल, जिम्मेदार भी नहीं देते ध्यान

# मरीजों के साथ आए परिजन घसीट रहे स्ट्रेचर और व्हीलचेयर, वार्डबॉय नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

**मरीजों के परिजनों ने बताया- जब हम अस्पताल मरीज को लेकर पहुंचे तो वहां कोई भी वार्डबॉय मौजूद नहीं था, हमने खोजबीन की फिर भी कोई नहीं मिलने पर हम ही डॉक्टर के लेकर पहुंचे**

जिले के सबसे बड़े शासकीय जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत एक बार फिर सवालों के घेरे में है। आलम यह है कि रोजाना यहां इलाज कराने पहुंचे मरीजों के परिजन वार्डबॉय की गैरमौजूदगी में वह मजबूरी में खुद ही स्ट्रेचर और व्हीलचेयर घसीटते नजर आ रहे हैं। जिला अस्पताल परिसर में वार्डबॉय की भारी कमी या उनकी अनुपस्थिति के कारण मरीजों को अस्पताल की दूसरी तीसरी मंजिल पर एक वार्ड से दूसरे वार्ड तक ले जाना परिजनों के लिए किसी सजा से कम नहीं है।

जिला अस्पताल के ओपीडी, इमरजेंसी और वार्डों के हालात यह बयान कर रहे हैं कि अस्पताल प्रबंधन की तमाम व्यवस्थाएं सिर्फ कागजों तक सीमित हैं। गंभीर मरीजों को जांच के लिए एक्स-रे, पैथोलॉजी लैब , ब्लड बैंक या अन्य विभागों तक पहुंचाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है।

मजबूरी में बुजुर्ग महिलाएं, बच्चे और परिजन खुद स्ट्रेचर धकेलते दिखाई देते हैं। कई बार तो व्हीलचेयर भी खाली पड़ी नहीं मिलती, जिससे मरीजों को गोद में उठाकर ले जाना पड़ता है।



### अस्पताल में काफी खोजने के बाद भी नहीं मिलते वार्डबॉय

परिजनों का कहना है कि वार्डबॉय खोजने पर या तो "अभी आते हैं" अस्पताल प्रबंधन के जिम्मेदारों का सिर्फ यही जवाब मिलता है या फिर कोई मिलता ही नहीं। कुछ परिजनों ने आरोप भी लगाया कि शिकायत करने पर स्वास्थ्य कर्मचारियों का रवैया और बेरुखा हो जाता है।

मरीजों ने बताया कि समस्याओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कई बार मौखिक और लिखित रूप में शिकायतें की जा चुकी हैं। लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### नागरिकों ने पर्याप्त वार्डबॉय तैनाती की उठाई मांग

नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जिला अस्पताल में वार्डबॉय की पर्याप्त तैनाती की जाए और उनकी ड्यूटी का सख्ती से पालन कराया जाए। साथ ही स्ट्रेचर और व्हीलचेयर की संख्या बढ़ाने तथा जवाबदेही तय करने की जरूरत है। हालांकि जमीनी हालातों को देखते हुए मरीजों और उनके परिजनों को अभी और इंतजार करना पड़ सकता है।

### स्टाफ की कमी है

इस पूरे मामले में स्टाफ की कमी बनीं हुई है। वार्डबॉय की जरूरी पदों की पूर्ति की जानकारी उच्च स्तर पर भेजी गई है और जल्द ही सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। **-डॉ यशपाल सिंह बाल्यान,** सिविल सर्जन जिला अस्पताल।

## नगर पालिका का 'गांधी गिरी' अवतार

# बकायादारों के द्वार पर बजे ढोल चावल देकर दी अंतिम चेतावनी

नपा ने शुरू किया ढोल बजाओ अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नगर पालिका परिषद अब संपत्ति कर वसूली को लेकर आर-पार के मूड में नजर आ रही है। वर्षों से कर जमा न करने वाले बड़े बकायादारों के खिलाफ नगर पालिका ने एक अनोखा अभियान शुरू किया है। नगर में 450 से अधिक ऐसे करदाता हैं, जिन पर करीब 5 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति कर बकाया है। बार-बार नोटिस और अपील के बावजूद भुगतान नहीं होने पर अब प्रशासन ने 'ढोल बजाओ अभियान' शुरू कर दिया है।

मंगलवार को इस विशेष मुहिम की कमान आईएएस अधिकारी कुलदीप पटेल और सीएमओ सुरेखा जाटव ने संभाली। अधिकारियों के नेतृत्व में नपा का अमला शहर के प्रमुख व्यावसायिक परिसरों और प्रतिष्ठानों तक पहुंचा। जहां-जहां कर बकाया मिला, वहां ढोल बजवाकर बकायादारों को उनके दायित्व की याद दिलाई गई।

### कर जमा नहीं किया तो होगी संपत्ति कुर्की

सीएमओ सुरेखा जाटव ने साफ शब्दों में कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। यदि समझाइश और चेतावनी के बावजूद कर जमा नहीं किया, तो आगामी दिनों में संपत्तियों की कुर्की, बैंक खाते फ्रीज करने सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। नपा की इस 'गांधीगिरी' शैली की कार्रवाई से शहर के बड़े बकायादारों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं आम नागरिकों में प्रशासन की इस पहल को लेकर चर्चा तेज है।

### चावल के साथ चेतावनी

नगर पालिका ने इस अभियान में सख्ती के साथ भारतीय परंपरा और शिष्टाचार का भी संदेश दिया। बकायादारों को पीले चावल भेंट कर अंतिम बार आग्रह किया कि वे शीघ्र संपत्ति कर जमा कर नगर विकास में सहयोग करें। इसके साथ ही अंतिम चेतावनी नोटिस भी चस्पा किए।

## आयोजन समिति की तैयारियां हुईं पूर्ण

# भागवत कथा आज से होगी प्रारंभ, निकलेगी कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

श्रीमद् भागवत कथा को श्रवण करने से जीवन में शांति प्राप्त होती है इसी उद्देश्य को लेकर शिवालय प्रांगण शिव शक्ति कावड़ कलोनी वार्ड क्र. 6 में समिति द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।



निवेदक दीपाली एंड ग्रुप मित्र मंडल ने आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। 11 फरवरी को नया बस स्टैंड दुर्गा चौक से विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा को लेकर महिलाओं एवं बच्चों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। कथा 11 से 17 फरवरी तक आयोजित की जा रही है, जिसका समय दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक रहेगा। समिति द्वारा भक्तों के लिए उत्तम व्यवस्था की गई है। जिससे भक्तों को कथा श्रवण करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो समिति बेहतर व्यवस्था को अंतिम रूप दे रही है।

कथा व्यास डॉ. पं. गोविंदाचार्य महाराज के मुखारविंद से कथा श्रवण करेंगे। मंच संचालक के रूप में पं. मनोज भटेले, पूजन कार्य पं. रामकुमार भार्गव, गीता हरनाम सिंह ठाकुर मुख्य यजमान की भूमिका में दिखाई देगें। लोगों द्वारा तन मन धन से सहयोग किया जा रहा है।

# रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने रंगोली बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण–2026 को लेकर शहर में जागरूकता गतिविधियाँ लगातार जारी हैं। इसी क्रम में सागर रोड स्थित शासकीय उत्कृष्ट स्कूल में रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और कचरा प्रबंधन को लेकर प्रभावी संदेश दिया। यह आयोजन अपर कलेक्टर कुलदीप पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता जमना सेन एवं सीएमओ सुरेखा जाटव के आदेशानुसार तथा सहयोगी संस्था एवीएस कंसलटेंसी एंड सर्विसेस के सहयोग से किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रंगोली के माध्यम से स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया। प्रतिभागी बच्चों ने अपने चित्रों और रंगोलियों के जरिए यह संदेश दिया कि घरों से निकलने वाले कचरे का सही तरीके से निपटान जरूरी है।




उन्होंने पॉलीथिन का उपयोग न करने, कचरा इधर-उधर न फेंकने, डस्टबिन में रखने और नगर पालिका के कचरा वाहन में ही कचरा डालने की अपील की। छात्रों ने कहा कि स्वच्छता से न केवल शहर सुंदर बनता है, बल्कि स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहता है। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य स्वाति चौहान सहित शिक्षक श्रुति शर्मा, मीना मिश्रा, प्राची गौतम, सोनम अहिरवार एवं सभी छात्राएं मौजूद रहीं।

## कथावाचक ने सुनाई चंद्रमा धारण करने की अद्भुत कथा, श्रद्धालु हुए भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सेमरा के गायत्री मंदिर में चल रही शिव पुराण कथा के दौरान तीसरे दिन कथावाचक लक्ष्मण शास्त्री ने भगवान शिव द्वारा अपने मस्तक पर चंद्रमा धारण करने की पौराणिक कथा को विस्तारपूर्वक सुनाया। कथा सुनते ही पंडाल में बैठे श्रद्धालु भक्ति में लीन हो गए और पूरे वातावरण में "हर हर महादेव" के जयकारों की गूंज सुनाई दी।



कथावाचक ने बताया कि प्राचीन समय में दक्ष प्रजापति की 27 कन्याओं का विवाह चंद्रदेव से हुआ था, लेकिन चंद्रदेव रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे। इससे अन्य पत्नियां और उनके पिता दक्ष प्रजापति नाराज हो गए। दक्ष ने चंद्रदेव को क्षय रोग का श्राप दे दिया। अपनी गलती का एहसास होने पर चंद्रदेव ने शिव जी की तपस्या की। भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपने मस्तक पर धारण किया।

## परीक्षा कक्ष से बाहर आकर विद्यार्थियों ने कहा- सरल था पहला पेपर

# कक्षा 12वीं के परीक्षार्थियों ने हल किया अंग्रेजी का पेपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

तहसील में 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो चुकी हैं। परीक्षा के पहले दिन छात्र-छात्राएं निर्धारित समय पर अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे और प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के बाद परीक्षा में शामिल हुए। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

तहसील में कुल 12 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें 942 स्टूडेंट्स शामिल हुए है। जबकि 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल से मिले निर्देशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। मंगलवार को स्टूडेंट्स का पहला पेपर अंग्रेजी का था। परीक्षार्थियों का कहना था कि प्रश्नपत्र काफी सरल था और आसानी से पूरा कर लिया गया। हालांकि कुछ सवालों ने थोड़ी परेशानी जरूर की, लेकिन बेहतर टाइम मैनेजमेंट के चलते पेपर समय पर सॉल्व कर लिया गया।




### 8:30 बजे कक्ष में प्रवेश, 9 बजे गेट बंद

सुबह 8:30 बजे के बाद सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश के निर्देश दिए गए। बच्चों को छोड़ने आए अभिभावकों को परीक्षा केंद्र से 100 मीटर की दूरी पर भेज दिया। परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार सुबह 9 बजे तक खुले रखे गए। पहले दिन की परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण रही। किसी भी परीक्षा केंद्र से नकल या अव्यवस्था की कोई सूचना नहीं मिली। प्रशासन और शिक्षा विभाग के द्वारा लगातार मानीटरिंग की जा रही हैं।

बताया जा रहा है अंग्रेजी विषय का प्रश्नपत्र चार सेट-एबीसी और डी में आया था। इन्हीं सेटों के आधार पर परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था की गई थी, ताकि नकल संभावनाएं समाप्त की जा सकें। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले छात्रों की जांच की गई। नकल या आपत्तिजनक सामग्री ले जाने पर रोक लगाई गई है। यदि जांच के दौरान नकल सामग्री पकड़ी जाती है, तो संबंधित छात्र पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### गहन निगरानी रखी जा रही

बीईओ रुपेंद्र सिंह कुशवाहा ने बताया कि परीक्षा के पहले दिन मंगलवार को कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय का प्रश्नपत्र सुबह 9 बजे से शुरू हुआ। यह परीक्षा 12 परीक्षा केंद्रों पर एक साथ प्रारंभ हुई, जिसमें कुल 942 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। वहीं कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 13 फरवरी से शुरू होंगी। इसके लिए 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी में तैनात स्टाफ द्वारा परीक्षार्थियों की कड़ी सर्चिंग की गई। सुनिश्चित किया कि नकल सामग्री कक्ष के भीतर न जा सके। सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा।

# कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश की 12वीं बोर्ड परीक्षाएं आज से प्रारंभ हो गई हैं। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा मंगलवार को सांची विकासखंड में परीक्षा केंद्र एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलामतपुर तथा एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पग्नेश्वर का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र प्रभारी और शिक्षकों से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर डीईओ डीडी रजक भी साथ रहे।




## कार्यालय नगर पालिका परिषद रायसेन (म.प्र.)

क्रमांक/105/न.पा./निर्माण/2025-26 :: ई-निविदा सूचना :: रायसेन दिनांक 06/02/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_480997_1 Dt. 06.02.2026 | Construction of Urban Health Wellness Center at Ward No 11 Raisen | 180 Days & 21.42 | 5000.00 & 16,100.00 | Dt 13.03.2026 |
| 2 | 2026_UAD_480998_1 Dt. 06.02.2026 | Construction of Bt Renewal coat at ward no 09, 11, 12 and 13 factory avantika gate to shri raju joshi to sagun gardan to mishra talab and ward no 13 near overhead tank raisen | 90 Days & 29.94 | 5000.00 & 22,500.00 | Dt 13.03.2026 |

नोट : निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

श्रीमति सविता जमना सेन
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद रायसेन

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद रायसेन